# अधिसूचना–प्रारूप (NOTIFICATION-DRAFT)

| क्र. | अंग्रेजी | हिन्दी |
|---|---|---|
| 1 | Municipal Corporation Khandwa is notifying the draft of THE WATER METERING AND CONNECTION REGULARISATION RULES-2012. These rules are affected in existing area of Khandwa Municipal Corporation and connecting new areas in future. Any objection or suggestion in respect of the said draft which may be received by the KMC Engineer, Narmada Cell Municipal Corporation Khandwa, Water works Shivaji Chowk Khandwa from any person before the 30 days from the date of publication at office time (excluding holidays). | 1. नगर पालिक निगम खण्डवा वॉटर मीटरींग और नल संयोजन नियमितीकरण नियम 2012 (Water Metering and Connection Regularization Rules 2012) का ड्राफ्ट जारी करती है। यह नियम (Rules) नगर पालिक निगम खण्डवा के वर्तमान क्षेत्र एवं भविष्य में शामिल होने वाले नवीन क्षेत्रों में भी प्रभावशाली रहेगा। अधिसूचना प्रारूप जारी करने की दिनांक से 30 दिवस पूर्ण होने तक, अधिसूचना प्रारूप के संदर्भ में किसी की आपत्ति या सुझाव इंजीनियर (खण्डवा नगरपालिक निगम) नर्मदा सेल, जल विभाग शिवाजी चौक कार्यालय, नगर पालिक निगम खण्डवा में कार्यालयीन समय (अवकाश के दिनों छोडकर) लिखित में प्रस्तुत कर सकते है :– |
| A | 'Rule' means the water metering and connection regularization rules-2012 | A. "नियम" से तात्पर्य नगर पालिक निगम खण्डवा वॉटर मीटर और नल संयोजन नियमितीकरण नियम 2012 से है। |
| B | 'Commissioner' means commissioner of Municipal Corporation Khandwa. | B. "आयुक्त" से तात्पर्य आयुक्त, नगर पालिक निगम, खण्डवा से है। |
| C | 'Consumer' means any person or institution etc., currently getting the benefit of any water supply from KMC or will get the benefit of any water supply in future in its own name or as Manager etc., from KMC through a concessionaire as the case may be. | C. "उपभोक्ता" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति या संस्था से है जिसने अपने नाम से या प्रबंधक के रूप में उसके भवन या भूमि में नल संयोजन प्राप्त किया है या भविष्य में कंसेशनायर द्वारा खण्डवा नगरपालिक निगम से प्राप्त करेगा। |
| D | 'Corporation' means Municipal Corporation Khandwa. | D. "निगम" से तात्पर्य खण्डवा के नगर पालिक निगम से है। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer

KMC'S Engineer

Commissioner
Municipal Corporation

(2)

| | | |
|---|---|---|
| E | DOMESTIC CONNECTION: The connection serving the people for the need of only domestic purposes like drinking, cooking, bathing, washing, cleaning and flushing of toilets, household gardening and individual air conditioning is termed as domestic connection. | E. "घरेलू प्रयोजन" से तात्पर्य पीने, खाना पकाने, स्नान, सफाई और शौचालय, घरेलू बागवानी और व्यक्तिगत वातानुकूलन के प्रयोजन के लिये जल के उपभोग से है। |
| F | INSTITUTIONAL CONNECTION: The connection serving the institutes like school, colleges (govt., semi govt. and private), govt. and semi govt. Offices, govt. Hospitals, charitable trust, public gardens and institutions not run for profit; is termed as institutional connection. | F. "संस्थागत प्रयोजन" से तात्पर्य स्कूलों, कॉलेजों(शासकीय अर्धशासकीय एवं प्रायवेट), शासकीय अर्ध–शासकीय कार्यालय, शासकीय अस्पताल, चेरिटेबल ट्रस्ट, सार्वजनिक उद्यान एवं ''लाभ के लिए नहीं चलने वाले'' संस्थानों के प्रयोजन के लिये जल के उपभोग से है। |
| G | COMMERCIAL CONNECTION: The connection serving any institute/proprietor/ organization like Hostels, Shops, Theatres, Laundries, Community halls, private hospitals , Hotels etc.being run for profit, termed as commercial connection. | G. "व्यावसायिक प्रयोजन" से तात्पर्य किसी भी संस्थान / मालिक / संगठन द्वारा लाभ के लिये चलाये जा रहे होस्टल, दुकानें, थियेटर्स, लॉड्री, सामुदायिक हॉल, निजी अस्पताल, होटल आदि के प्रयोजन के लिये जल के उपभोग से है। |
| H | INDUSTRIAL CONNECTION: The connection serving industries like oil mills, dals mills, paper mills, ice factories, service stations, workshops, foundries, packing industries or any other industry which consumes water for producing the final product directly or for the purpose of serving domestic needs of the people working or staying in the industries ; is termed as industrial connection. Industries those are defined by industrial department. | H. "औद्योगिक प्रयोजन" से तात्पर्य तेल मिलों, दाल मिलों, पेपर मिलों, बर्फ कारखानों, सर्विस स्टेशनों, कार्यशालाओं, ढलाई, पैकेजिंग उद्योगो से है जो पानी का उपयोग अंतिम उत्पाद सीधे बनाने में करते हैं, या उद्योग के परिसर में कार्य करने या रहने वाले व्यक्तियों के घरेलु उपयोग आदि के प्रयोजन के लिये जल के उपभोग से है एवं उद्योग विभाग द्वारा परिभाषित उद्योग शामिल होगें। |
| I | 'Concessionaire' means Vishwa Utilities Private Limited Hyderabad. | I. "कंसेशनायर" (Concessionaire) से तात्पर्य विश्वा यूटिलिटिज प्रा. लि. हैदराबाद से है। |
| J | 'COD' means the 'commercial operation date' of the WSS Project after successful trial run. | J. "वाणिज्यिक परिचालन की तारीख" (Commercial operation date) COD से तात्पर्य जल प्रदाय योजना के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात्, परीक्षण चलाने के सफल समापन की दिनांक से है। |
| K | 'Meter' means device for measuring quantity of water. | K. "मीटर" से तात्पर्य ऐसे उपकरण से है जिसके द्वारा जल की मात्रा मापी जाती है। |
| L | 'Main pipe' means pipe which is connecting to water collecting pipe for water supply purpose. | L. "मुख्यपाइप" (मेन्स) से तात्पर्य जल प्रदाय करने के प्रयोजन के लिये जल संग्राहक को जोड़ने वाले पाइप से है। |
| M | 'Service pipe' means pipe is used for water supply from stop cock up to premises of domestic, institutional,commercial and | M. "सेवापाइप" (सर्विस पाईप) से तात्पर्य अवरोध टोंटी (स्टाप काक) से घरेलू, संस्थागत , व्यावसायिक एवं औद्योगिक के भूमि भवन, उद्यान |

Sub Engineer
Municipal Corporation. Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

| | | |
|---|---|---|
| | industrial house, garden or industry. | या उद्योग के स्थान तक जल प्रदाय करने के प्रयोजन के लिये पाइप से है। |
| N | 'Connection pipe' means part of pipe which connects ferul to stop cock. | N. "संयोजन पाइप" ( कनेक्शन पाईप) से तात्पर्य फेरूल को अवरोध टोंटी (स्टाप काक)से जोड़ने वाले पाइप के भाग से है। |
| O | 'Ferul' means part of connection pipe to connect main pipe or branches to connection pipe. | O. "फेरूल" से तात्पर्य मुख्यपाइप या उनकी शाखाओं को संयोजन पाइप से जोड़ने वाले पाइप के भाग से है। |
| P | 'Stop cock' means a device which is fitted at end of connection pipe to control water supply in premises of consumer. | P. "अवरोध टोंटी" (स्टाप कॉक) पाइप से तात्पर्य संयोजन पाइप के अंत में लगे हुए उपकरण से है जो उपभोक्ता के परिसरों में जल के प्रदाय को विनियमित करता है। |
| Q | 'Communication pipe' it is system of pipe lines or their branches for the supply of water to domestic, institutional,commercial and industrial land, house, garden or industry. Connection pipe and meter are included in this. | Q. "योजना पाइप" (कम्युनिकेशन पाईप) से तात्पर्य पाइपलाइन या उनकी शाखाओं की पद्वति से है जिसके द्वारा मुख्य नल या उसकी शाखाओं से घरेलू, संस्थागत् , व्यावसायिक एवं औद्योगिक के भूमि, भवन उद्यान या औद्योगिक स्थान को जल प्रदाय किया जाता है और उसमें संयोजन पाइप तथा मीटर सम्मिलित है। |
| R | Those words and sentences which are not defined here but those are included here will have same meaning given in these Rules. | R. उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के जो इन नियमों में परिभाषित न किये गये हों किन्तु इनमें प्रयुक्त किये गये हों, वही अर्थ होंगे जो कि उनके लिये नियम में दिये गये हैं। |
| 1 | The KMC is entering into this byelaws in Pursuant to the Section 220(c) of the Madhya Pradesh Municipal Corporation ACT 1956 to employ the Concessionaire to discharge its duties and obligations and exercise its right and power (for water supply operation and maintenance) under Section 221 to 239 and 241 to 245 of the Madhya Pradesh Municipal Corporation ACT 1956. | 1. नगर पालिक निगम खण्डवा, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम एक्ट 1956 के सेक्शन 220 (सी) एवं सेक्शन 221 से 239 तथा 241 से 245 मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम एक्ट 1956 तहत "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद" को जल प्रदाय, संचालन एवं संधारण के अधिकार एवं कर्तव्य प्रदान किया जाने हेतु यह उपविधियॉं जारी करता है। |
| 2 | KMC after Notifying the Water Metering and Connections Regularization Rules shall assist concessionaire and their staff to get the existing connections metered and illegal connections regularized and metered. | 2. नगर पालिक निगम खण्डवा अधिसूचना जारी दिनांक से 30 दिवस के पश्चात् मीटर लगाने एवं अवैध नल संयोजनों का नियमितीकरण का कार्य, विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद तथा उनके स्टॉफ द्वारा करने में सहायता करेगा। |
| 3 | The water supply and distribution system of KMC shall be taken over by Concessionaire on the intended "Commercial Operation Date" for next 23 years and to charge and collect water charges from consumers on monthly basis. After Expiry of concession period Concessionaire shall transfer facilities in | 3. नगर पालिक निगम खण्डवा द्वारा शहर के जल प्रदाय प्रणाली का संधारण एवं संचालन का चार्ज वाणिज्यिक परिचालन की तारीख (COD) से विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद के द्वारा आगामी 23 वर्षों के लिए सौप दिया जावेगा। इसी दिनांक से जलकर की मासिक आधार पर राशि वसूलने का कार्य भी विश्वा यूटिलिटिज |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer

KMC'S Engineer
Municipal Corporation

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

| | | |
|---|---|---|
| | good, running condition without any libilites to KMC. | प्रा.लि. हैदराबाद द्वारा किया जावेगा। कन्सेशन समाप्ति पर कंसेशनायर द्वारा यह व्यवस्था अच्छी, चलायमान तथा बिना किसी भार के नगर पालिक निगम खण्डवा को सौंपी जाना होगी। |
| 4 | The Concessionaire shall provide water supply to all the Consumers for duration of 24 hours 7 days (Every Day). It is the responsibility of the Concessionaire to ensure and maintain the distribution system in such a way that, the consumer can draw water with minimum @ 135 LPCD in supply hours. | 4. विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद द्वारा 24 X 7 जल प्रदाय किया जावेगा। तथा 12 मीटर हेड तक जल प्रदाय उपलब्ध रहेगा। प्रत्येक उपभोक्ता के लिए न्यूनतम 135 लीटर जल प्रतिदिन उपलब्ध हो सकें इसकी जिम्मेदारी कंसेशनायर द्वारा वितरण व्यवस्था की होगी। |
| 5 | All property connections (individual or shared)) must be metered in phased manner by the start of COD. The Concessionaire shall serve monthly bills to consumers covering the consumption of water as recorded through the meter reading @ Water Tariff specified in schedule I, and revised from time to time as per Schedule K. In addition the bills shall also include meter rent as per schedule I and reconnection charges if applicable as specified in schedule I. | 5. सभी संपत्तियों (मकानो– वैयक्तिक या भागीदार आदि) के नल कनेक्शनों में मीटर लगाया जावेगा तथा प्रति माह मीटर रीडिंग के अनुसार निर्धारित जलदर (शेड्यूल आई) के आधार पर प्रति माह बिल प्रदाय कर प्रति माह बिल की राशि वसूली जावेगी। दरें समय–समय पर शेड्यूल K के अनुसार पुनः निर्धारित होंगी। इसके अतिरिक्त मीटर का किराया शेड्यूल आई के अनुसार तथा पुनः संशोधन चार्ज भी शेड्यूल आई में उल्लेख अनुसार होगा। |
| 6 | In the entire municipal corporation areas, pure and filtered water shall be supplied as per "CPHEEO-Manual on water supply and treatment May 1999". | 6. सम्पूर्ण नगर पालिक निगम क्षेत्र में CPHEEO मेन्युअल के अनुसार शुद्ध एवं फिल्टर्ड जल प्रदाय किया जावेगा। |
| 7 | The entire distribution system shall be divided into 10 zones. Each zone served preferably by one Elevated Service Reservoir. (ESR) Whole Municipal area is divided into 10 zoneal offices, which is situated near ELSRs and VISHWA company shall estabilish a main office in city. In all zones and main office complaints are received and redressed. Bills of consumers shall be distributed from here and also collected water charges. | 7. सम्पूर्ण जल वितरण क्षेत्र को 10 झोनों में बॉटा गया है। प्रत्येक झोन में जल वितरण उसमे स्थित ओव्हर हेड टेंक से होगा। सम्पूर्ण नगर निगम का क्षेत्र 10 झोनल कार्यालयो में विभाजित होगा जिसमे से एक विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद का मुख्य कार्यालय होगा। इन सभी झोनों एवं मुख्य कार्यालय में जलप्रदाय से संबंधित शिकायतें सुनी जावेंगी एवं उनका निराकरण किया जावेगा। यहाँ से बिल वितरित किये जायेंगे तथा जलकर की राषि जमा की जावेगी। |
| 8 | Every consumer would need to enter into an agreement with KMC for supply of water to its premises (Consumer Agreement).The Concessionaire shall facilitate the signing of Consumer Agreement. The consumer Agreement shall be as per the form of agreement enclosed in schedule-I (Amended). | 8. प्रत्येक उपभोक्ता को अपने परिसर में जलप्रदाय के लिए नगर पालिक निगम से एक अनुबंध करने की आवश्यकता होगी। कन्सेशनायर उपभोक्ता को अनुबंध में हस्ताक्षर करने की सुविधा देगा। उपभोक्ता अनुबंध, फार्म के रूप में शेड्यूल–आई के साथ मुख्य अनुबंध में संलग्न है। |
| 9 | KMC shall change all illegal connections in to legal connections as per rules of Municipal Corporation. | 9. अवैध कनेक्शनों को नगर पालिक निगम खण्डवा के नियमों के अंतर्गत वैध किया जावेगा। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa

| | | |
|---|---|---|
| 10 | Concessionaire shall have authority for water supply, collection of water charges, installation charges of meter and disconnection. All above works shall be done under the supervision of KMC. | 10. जल प्रदाय, जलकर वसूली, मीटर लगाने, नल विच्छेद आदि के अधिकार "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद" को प्रदाय किये गये है। नगर पालिक निगम खण्डवा, के सुपरविजन में उपरोक्त कार्य किये जायेंगे। |
| 11 | "Vishwas Utilities Pvt. Ltd. Hyderabad" shall have absolute authority to supply water in municipal corporation areas. It is agreed that there shall be no commission of any parallel competing facility whether by way of construction of a new facility or augmentation of capacities of existing facilities. | 11. नगर पालिक निगम क्षेत्र मे विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद को जलप्रदाय के पूर्ण अधिकार होगें।उक्त व्यवस्था में अन्य संस्था कन्सेशनर पिरियड तक नये निर्माण या पुरानी का विस्तार के रूप में कोई समानांतर काम्पीटिटिंग व्यवस्था स्थापित नहीं होगी। |
| 12 | All the Operation and Maintenance works of water supply shall be done by "Vishwa Utilities. Pvt. Ltd. Hyderabad", under the supervision of KMC. All complaints shall be redressed by "Vishwa Utilities. Pvt. Ltd. Hyderabad".. If Vishwa Utilities. Pvt. Ltd. Hyderabad fails to redressed, it shall be redressed by KMC. | 12. "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद" द्वारा संचालित एवं संधारित सभी प्रक्रिया पर नगर पालिक निगम खण्डवा का सुपरविजन होगा। उत्पन्न सभी समस्याओं का निराकरण "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद" के द्वारा किया जावेगा। "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लि. हैदराबाद" के द्वारा निराकरण नहीं होने पर नगर पालिक निगम खण्डवा द्वारा समस्या निराकृत की जावेगी। |
| 13 | All conditions of agreement between KMC and Concessionaire shall be applied in these Rules. | 13. नगर पालिक निगम खण्डवा एवं कंसेशनर एजेन्सी के मध्य हुए अनुबंध की सभी शर्ते इस नियम के अंतर्गत लागू रहेगी। |
| 14 | There is no provision of "Non Revenue Based" water supply. | 14. इस योजना में नान–रेवेन्यु आधारित जल प्रदाय की व्यवस्था नहीं है। |
| 15 | Regularisation all legal and illegal connections including metering shall be done during Transition Period (Transition Period – from rules Notification Date to the COD).The facilities and systems would be deemed to have stabilized within a period of 12 months from the COD, its called Stabilization period. | 15. अधिसूचना से COD तक का समय Transition Period कहलाएगा। इस समय में सभी वैध नल कनेक्शन ों की मीटरिंग एवं अवैध कनेक्शनों को वैध करने एवं मीटरिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी। इस योजना में COD के पश्चात 12 माह का Stabilization Period रहेगा। इस अवधि में "विश्वा यूटिलिटिज प्रा. लि. हैदराबाद" द्वारा संचालन की सभी सुविधा स्थापित की गई समझी जावेगी। |
| 16 | Prepare and announce an Amnesty plan for regularizing illegal water connections with penalties and installing water meters within a period of 6 (six) months from Notification, its called Amnesty Period. | 16. नोटिफिकेशन दिनांक से 6 माह के लिये अवैध कनेक्शनों को पेनल्टी लगाकर नियमित करना तथा मीटर स्थापित करने के लिये Amnesty Plan तैयार कर घोषित किया जावेगा। यह समय काल Amnesty Period कहलायेगा। |
| | **Schedule I (AMENDED)-Levies of Charges and water tariff** | **शेड्यूल I (संशोधित)–लेविस ऑफ चार्ज और जलदर** |
| B | APPLICATION FOR WATER SUPPLY CONNECTION BY CONSUMERS- | B. उपभोक्ताओं द्वारा जल आपूर्ति कनेक्शन के लिए आवेदन – |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer

KMC's Engineer
Municipal Corporation

Commissioner
Municipal Corporation

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Any individual agency or organization intending to have a new Connection/New temporary connection of water supply or transfer any existing connection or alternation in the existing connection shall apply by making an application to the KMC. | (i) कोई भी व्यक्तिगत एजेन्सी या संस्था जल प्रदाय के लिये नये स्थाई कनेक्शन / नये अस्थाई कनेक्शन अथवा वर्तमान कनेक्शन के स्थानांतरण अथवा वर्तमान कनेक्श्न में परिवर्तन करने के लिए नगर पालिक निगम में आवेदन कर सकेगा। |
| (ii) | The application shall be accompanied with certified extracts from the city survey register, khasra or certified extract of Government or Assistant Registrar or such other, documents to prove the title to the property. | (ii) आवेदन पत्र भूमि या भवन स्वामी या उसके सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा ही दिया जायेगा और उसके द्वारा या उसके अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा। भूमि या भवन के स्वामी को, ऐसे दस्तावेजों या तत्सम विलेख यथास्थिति, भूमि या भवन के स्वामित्व के समर्थन में सर्वे रजिस्टर खसरा या शासकीय अथवा सहायक रजिस्ट्रार आदि को ऐसे ही प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करने होंगे। |
| (iii) | If the applicant is Tenant, KMC shall grant a new connection to Tenant after submission of NOC obtained from the owner of the premises. | (iii) यदि उपभोक्ता, भाड़ेदार हो तो संयोजन ( कनेक्शन ) के लिये भूमि या भवन स्वामी की लिखित सहमति (अनापत्ति प्रमाणपत्र) पेश करना होगी। |
| (iv) | In the case of bulk supply of water to any consumer, the supply shall be regulated by an agreement with KMC subject to the provisions of the Act, Byelaws and the rules made there under. | (iv) पानी की थोक आपूर्ति के मामले में आपूर्ति अधिनियम के प्रावधानों, उपनियम और नियमों के तहत निगम के साथ अनुबंध के पश्चात् की जावेगी। |
| (v) | When the existing connection to the Owner is disconnected, for any reason, the Tenant can apply for a new connection with or without the consent of the owner, provided that he submits the rent receipt of the last month or a certificate indicating that the payment of the amount of rent has been made to the court. | (v) उपभोक्ता मकानमालिक के जल संयोजन विच्छेद होने की स्थिति में पुनः संयोजन के लिये पिछले माह की किराये की भुगतान की रसीद अथवा ऐसा पत्र जिसमें दर्शाया गया हो कि किराए की राशि का भुगतान न्यायालय को कर दिया गया है, के साथ किरायेदार आवेदन कर सकेंगे। |
| (vi) | If any consumer intends to close the water connections, he shall inform in writing to authority concerned, at least 15 days in advance, from the date on which he intends to close the connection. He shall pay Disconnection Charges and all amounts due in advance along with bill for the current month. | (vi) उपभोक्ता को जल संयोजन विच्छेद के लिये, चाही गई दिनांक से 15 दिवस अग्रिम में लिखित में आवेदन करना होगा। साथ ही उनके द्वारा संयोजन विच्छेदन तथा अन्य बकाया राशि चालू माह के देयक के साथ अग्रिम में जमा करानी होगी। |
| (vii) | Every consumer would need to enter into an agreement with KMC for supply of water to its premises (Consumer Agreement ) The Concessionaire shall facilitate the signing of Consumer Agreement. The consumer Agreement shall be as per the form of agreement enclosed in this agreement. | (vii) प्रत्येक उपभोक्ता को नगर पालिक निगम में साथ स्वयं के परिसर में जल प्रदाय के लिए अनुबंध की आवश्यकता होगी। कन्सेशनर अनुबंध में हस्ताक्षर के समय सुविधा प्रदान करेगा। उपभोक्ता अनुबंध फार्म के अनुबंध के साथ संलग्न प्रपत्र में अनुबंध करना होगा। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer
Municipal Corporation, Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

**1. i) alidity of Sanction for new connection–**

After obtaining the sanction for a new connection, the consumer shall obtain a connection to the main within a period of three month from the date of sanction. The sanction shall be treated as cancelled and become invalid if the new connection is not connected to the main within the period of three month in such case, the consumer shall have to submit a fresh form of connection

**नये कनेक्श्न की स्वीकृति की वैधता**

i) नये कनेक्शन की स्वीकृति लेने के पश्चात उपभोक्ता स्वीकृति दिनांक से तीन माह की अवधि के भीतर मुख्य कनेक्शन प्राप्त कर सकेगा। यदि तीन माह की अवधि में मेन पाईप के साथ नया कनेक्शन कनेक्ट नहीं किया गया तो इस स्वीकृति को निरस्त माना जाकर यह अवैध हो जावेगा। ऐसे मामले में उपभोक्ता को कनेक्शन का नया फार्म प्रस्तुत करना होगा।

ii) If any connection is disconnected due to any reasons, reconnection shall be done only after payment of reconnection charges as fixed by KMC in table below and all the arrears and dues outstanding against the connection are paid.

| NO. | CONNECTION SIZE IN MM | DISCONNECTION FEES (Rs.) | RE-CONNECTION FEES (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 | 100 | 200 |
| 2 | 20 | 150 | 300 |
| 3 | 25 | 200 | 400 |
| 4 | 40 | 250 | 500 |
| 5 | 50 | 300 | 600 |

Note:- The above mentioned fees in case of BPL Consumers shall be half of the amount specified above.

ii) यदि किन्हीं कारणों से संयोजन विच्छेद हो जाता है तो निम्नांकित तालिका में दर्शाये गये निर्धारित पुनः संयोजन शुल्क भुगतान करने के पश्चात् ही नगर पालिक निगम खण्डवा द्वारा पुनः संयोजन हो सकेगा, एवं सदर कनेक्शन बाबद् समस्त बकाया धनराशि का भुगतान करना होगा।

| क्र. | कनेक्शन साईज एम.एम. में. | डिस्कनेक्शन फीस (रू.) | रिकनेक्शन फीस (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1. | 15 | 100 | 200 |
| 2. | 20 | 150 | 300 |
| 3. | 25 | 200 | 400 |
| 4. | 40 | 250 | 500 |
| 5. | 50 | 300 | 600 |

नोट:– उपरोक्त उल्लेखित फीस बी.पी.एल. परिवारों के लिए आधी हो जावेगी।

iii) **1. Reconnection Period**

If due to any reason any connection is disconnected and the Consumer of that connection doesn't applly to concessionaire for reconnection within a period of one year from the date of disconnection, the connection will stand cancelled and security pursuant to connection shall be forfeited by KMC.

iii) **पुनः संयोजन अवधि**

यदि किन्हीं कारणों से संयोजन विच्छेद हो जाता है और संबंधित उपभोक्ता द्वारा संयोजन विच्छेद की दिनांक से एक वर्ष की अवधि में पुनः संयोजन के लिये आवेदन नहीं करता है तो वह संयोजन निरस्त हो जावेगा ओर नगर पालिक निगम खण्डवा द्वारा उस कनेक्शन की सिक्यूरिटी राशि राजसात कर ली जावेगी।

**Service connections and Metering charge**

1 Initial cost of meter and Service connection charge shall be borne by the consumer.

**सर्विस कनेक्शन एवं मीटरिंग चार्ज**

1 वाटर मीटर की प्रारंभिक लागत एवं सर्विस कनेक्शन चार्ज, नीचे तालिका में दर्शाये अनुसार, उपभोक्ता द्वारा वहन किया जायेगा।

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer KMC'S Engineer Municipal C...

Commissioner Municipal Corporation

| | English | | हिन्दी |
|---|---|---|---|
| 2 | These rates shall be revised by "Price Review Committee" after every three years. | 2 | यह दर प्रत्येक तीन वर्ष पश्चात् 'प्राईस रिव्हयू कमेटी' द्वारा पुनरीक्षित की जावेगी। |

| Diameter of connection | 15 mm | 20mm | 25mm | 40mm | 50mm |
|---|---|---|---|---|---|
| Security deposit | 900 | 1500 | 2500 | 5000 | 10000 |
| Service connection charges(ferule. saddle piece & labour) Reimbursable to Concessionaire (Rs) | 300 | 400 | 500 | 600 | 700 |
| Meter cost( Meter and Labour) Reimbursable to Concessionaire (Rs) | 1200 | 1500 | 1900 | 4200 | 7000 |

Note- The service connection charges for BPL Consumers shall be half of the amount specified above.

| क्रं. | डायामीटर ऑफ कनेक्शन | 15 मि.मी. | 20 मि.मी. | 25 मि.मी. | 40 मि.मी. | 50 मि.मी. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा निधि | 900 | 1500 | 2500 | 5000 | 10000 |
| 2. | सर्विस कनेक्शन चार्जस (फेरूल, (लोहे की मूंगरी) सेडल पीस, (नमदा) एवं लेबर आदि, कंसेशनायर को पुनः प्राप्त होने वाली | 300 | 400 | 500 | 600 | 700 |
| 3. | कंसेशनायर को वापिस प्राप्त होने वाली मीटर की लागत (मीटर एवं लेबर) (रू.) | 1200 | 1500 | 1900 | 4200 | 7000 |

नोटः–सर्विस कनेक्शन की राशि बी.पी.एल. उपभोक्ताओं के मामले में उपरोक्त दर्शायी गई राशि से आधी रहेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | In the case of water supply to bulk consumers, such as co-operative society or Association of apartment owners, water meter of a suitable size shall be installed by the Concessionaire as directed by KMC. | 3 | थोक उपभोक्ताओं को, जैसे कि कॉआपरेटिव सोसायटी अथवा ऐसोसिएशन आफ अपार्टमेंट ओनर्स के मामले में जल प्रदाय हेतु कन्सेशनायर द्वारा नगर पालिक निगम, खण्डवा के निर्देशानुसार समुचित साईज का वाटर मीटर लगाया जायेगा। |
| 4 | In case of existing connection the metering shall be done in accordance with the metering and Connection Regularization Rules, Consumer shall apply with necessary meter security deposit to KMC and after receipt and scrutiny of such application KMC shall intimate Concessionaire to install meter at applicants premise. The Capital cost and labor cost for installation of Meters shall be borne by the concessionaire, which shall be reimbursed to the concessionaire as per above Table. | 4 | वर्तमान नल संयोजन का मीटरीकरण, मीटरींग एवं कनेक्शन नियमितीकरण नियमों के अनुसार होगा। उपभोक्ता मीटर सुरक्षा राशि नगर पालिक निगम में जमा करेगा रसीद प्राप्त करने के पश्चात् परीक्षण के बाद आवेदक नगर पालिक निगम एवं कन्सेशनायर को आवेदक के प्रेमिसेस में मीटर लगाने के लिये सूचित करेगा।<br>मीटर स्थापित करने के लिए मीटर की केपिटल कास्ट एवं लेबर कास्ट कन्सेशनायर द्वारा वहन की जावेगी जो कि कन्सेशनायर को नगर पालिक निगम द्वारा प्रतिपूर्ति उपरोक्त टेबल के अनुसार की जावेगी। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer
Municipal Corporation, Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

| | | |
|---|---|---|
| 5 | In case of illegal connection the regularization and metering shall be done in accordance with the Metering and Connection Regularization Rules provided in schedule 'W'. The illegal Consumer shall apply as per New Connection to KMC and connection and metering shall be done as provided there under. existing Illegal/ legal connenction as per water metering and connection rules. | 5 शेड्यूल "डब्ल्यू" में दिये गयें मीटरिंग एवं कनेक्शन नियमितीकरण नियम के अनुसार अवैध नल संयोजन के प्रकरण में नियमितीकरण एवं मीटरिंग की प्रकिया की जावेगी। नगर निगम के नये कनेक्शनों के अनुसार ही अवैध कनेक्शनों के लिए आवेदन देना होगा और संयोजन एवं मीटरींग- मौजूदा वैध/अवैध कनेक्शन के संबंध में वॉटर मीटरिंग एवं कनेक्शन नियमितीकरण नियम के अनुसार की जावेगी। |
| | **Key tasks to be performed by KMC** | **नगर पालिक निगम, खण्डवा द्वारा किये जाने वाले मुख्य कार्य।** |
| (i) | KMC after Notifying the Water Metering and Connections Regularization Rules (Rules) shall assist concessionaire and their staff to get the Connections Metered and illegal Connection Regularization and Metered. In it accepting of application for connection & execute agreement with applicant will be covered. All application and fees shall be deposited in the office of the municipal corporation alongwith the cost of meter and water connection. | (i) अधिसूचना जारी होने के पश्चात् से नगर पालिक निगम खण्डवा, कंसेशनायर को जल उपभोक्ताओं को मीटर एवं अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लिए सहायता करेगा। इसके अंतर्गत उपभोक्ता से आवेदन प्राप्त करना एवं अनुबंध निष्पादित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी। सभी आवेदन एवं फीस की राशि नगर पालिक निगम कार्यालय में जमा की जावेगी। मीटर का मूल्य एव नल संयोजन की राशि नगर पालिक निगम में जमा होगी। |
| (ii) | KMC shall provide a copy of its list of consumer, billing address and details of security deposits and arrears due on them etc to the concessionaire. | (ii) नगर पालिक निगम खण्डवा, उपभोक्ताओं की सूची एवं उनका पता सुरक्षा राशि एवं बकाया राशि की जानकारी कंसेशनायर को उपलब्ध करायेगा। |
| (iii) | KMC shall provide supervisory support to the staff and labour of the Concessionaire in serving notices to Consumers for regularizing their water supply connections. | (iii) नगर पालिक निगम खण्डवा, नल संयोजन के नियमितिकरण के नोटिस देने के लिये, कन्सेशनायर एजेन्सी के स्टॉफ एवं लेबर का पर्यवेक्षीय सहयोग करेगा। |
| (iv) | KMC shall provide assistance to the staff and labour of the Concessionaire by settling disputes connected with Consumers not agreeing to install water meters. | (vi) नगर पालिक निगम खण्डवा कन्सेशनायर के स्टाफ एवं लेबर को, उपभोक्ता मीटर स्थापित करने में सहमत नहीं होने की स्थिति में विवाद निपटारा में सहयोग करेगा। |
| (v) | KMC shall transfer the amount (fixed Per Meter Charge as per Schedule I) due to the concessionaire for installing meters at consumer premises at the end of every Quarter on Requisition of Concessionaire stating the | (vii) नगर पालिक निगम खण्डवा प्रत्येक तिमाही के बाद मीटर की लागत एवं स्थापित करने का चार्ज (शेड्यूल–I के अनुसार निश्चित प्रति मीटर चार्ज) मीटर की संख्या के अनुसार कन्सेशनर को तिमाही में स्थापित मीटरों की संख्या बताने पर, स्थानांतरित |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer KMC/S Engineer Commissioner Municipal Corporation

| | | |
|---|---|---|
| | Number of Meters installed up to the end of the said quarter. | करेगा। |
| (vi) | KMC shall collect all the payment and collections from the Consumer collected by Concessionaire after "Appointed Date" towards water consumed (arrears) during the period prior to Commercial Operation Date. | (viii) नगर पालिक निगम खण्डवा कन्सेशनायर से नियुक्ति दिनांक से सी.ओ.डी. दिनांक तक की सभी राशि उपभोक्ताओं से संग्रहित करेगा। |
| | **B) Key tasks to be performed by the Concessionaire :-** | **ख) कन्सेशनायर द्वारा किये जाने वाले मुख्य कार्य :-** |
| i | The concessionaire after 30 days from the date of Notifying of the Water Metering and Connections Regularization Rules (Rules) shall start to get the Connections Metered and Illegal Connection Regularization and Metered. | (i) अधिसूचना जारी दिनांक से 30 दिवस के पश्चात् से "विश्वा यूटिलिटिज प्रा.लिमि. हैदराबाद" वैध कनेक्शनों में मीटर लगाने का कार्य एव अवैध कनेक्शनों को नियमित करने एवं मीटर लगाने का कार्य प्रारंभ करेगा। |
| ii | Concessionaire shall provide staff and labour for serving notices to Consumers for regularizing their water supply connections. | (ii) कन्सेशनायर उपभोक्ताओं को जलप्रदाय संयोजन को नियमित करने के लिये नोटिस वितरित करने तथा उपभोक्ताओं के परिसर में मीटर लगाने के लिये लेबर एवं स्टॉफ लगायेगा। |
| iii | Concessionaire shall provide connection to consumer not agreeing to install water meter with the assistance of municipal corporation. | (iii) कन्सेशनायर, जो उपभोक्ता मीटर लगाने के लिये सहमत नहीं होगें, नगर पालिक निगम की मदद से आवश्यक कार्यवाही करेगा। |
| iv | Maintain records of consumer regularized, consumer metered, and arrears recovered. | (iv) कन्सेशनायर उपभोक्ताओं के किये गये नियमितिकरण, उपभोक्ताओं को मीटर लगाने एवं बकाया राशि वसूली का रिकार्ड रखेगा। |
| v | Concessionaire shall Transfer to KMC at the end of Every Quarter after the Notification, collection from the Consumer after "Appointed Date" towards water consumed (arrears) during the period prior to "Commercial Operation Date". | (v) प्रत्येक तिमाही के अंत में कन्सेशनायर, नगर पालिक निगम को नोटिफिकेशन बाद से (नियुक्त दिनांक से कमर्शियल ओपनिंग दिनांक तक) उपभोक्ता से प्राप्त बकाया राशि नगर पालिक निगम खण्डवा को ट्रांसफर करेगा। |
| vi | Concessionaire shall provide Bill to KMC for Payments due to Concessionaire, stating the Number of Meters installed up to the end of the quarter and collect the payment (fixed Per Meter Charge as per Schedule I) as per the bill for installing meters at consumer premises at the end of every Quarter. | (vi) प्रत्येक तिमाही के अंत में कन्सेशनायर नगर पालिक निगम को तिमाही के अंत तक लगाये गये मीटर की संख्या के अनुसार उपभोक्ता के परिसर में लगाये गये मीटरों को लगाने का बिल प्रस्तुत करेगा। |
| vii | Concessionaire shall have 10% meters and other spares in his | (vii) कंसेशनायर स्टेण्ड बाय यूनिट के रूप में 10 प्रतिशत मीटर एवं |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer
Municipal Corporation Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

| | | |
|---|---|---|
| | stock as standby units. | अन्य स्पेयर सामग्री रखेंगे। |
| **Joint obligations of the KMC & concessionaire regularisation of all legal/illegal water connections of all consumers.** | | **नगर पालिक निगम एवं कन्सेशनायर द्वारा संयुक्त रूप से किये जाने वाले कार्यः–** |
| (i) | All consumers up to the Commercial Date including installation of meters. | (i) 'कमर्शियल ओपनिंग दिनांक' तक नगर पालिक निगम के सभी नियमित उपभोक्ताओं के वैध/अवैध नल कनेक्शन नियमित किये जायेगें। परिसर में मीटर लगाये जावेगें। |
| (ii) | To ensure that meter installation and Development of WSS project go hand in hand such that quality of service to consumer is demonstrated to precipitate interest in Consumers for installing meters. In this regard the KMC and concessionaire shall mutually agree on operation strategies. (Clarification: The strategy may involve forming two demonstration zone by instaling maximum metered connections and the water supply a however not compromising on equity and more as a marketing strategy. | (ii) इस जल प्रदाय योजना का मीटर स्थापित एवं विकास का उपभोक्ताओं के हित में मीटर लगाने का कार्य साथ–साथ चलेंगे जिससे उपभोक्ताओं में मीटर लगवाने हेतु रूचि जागृत हो। उसकी कार्य प्रणाली के लिये के.एम.सी. तथा कन्सेशनायर परस्पर राजी होंगे। (स्पष्टीकरणः– इसके लिये दो डिमांस्ट्रेशन झोन, इसमें अधिकतम मीटर कनेक्शन लगाये जायेंगे परन्तु जलप्रदाय में कोई मात्रा अथवा गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। |
| (iii) | On completion of transition period, concessionaire shall prepare a statement of arrears in connection with the payment made by Consumers for water consumed upto to COD, and Pay such amount to KMC. | (iii) ट्रांजिशन पीरीयड के पूर्ण होने पर, **COD** तक उपयोग किये गये जल की उपभोक्ता द्वारा भुगतान की गई राशि का स्टेटमेंट तैयार कर कन्सेशनायर द्वारा नगर पालिक निगम खण्डवा को भुगतान किया जायेगा। |
| (iv) | In case of public stand posts and in slum areas the following shall be applicable:-<br>All stand posts shall be disconnected from the COD. The affected persons shall be motivated for taking individual / group connections.Group connections shall be for apartment / tenants up to 10 households. One of the Consumers shall be chosen as the group leader who shall be responsible for payment for fixing meter consumption charges .The tap under group connection shall be single tap located outside the apartment/tenants at ground level in the premises of one of group members and shall be so located that it is accessible to | (iv) पब्लिक स्टेंड पोस्ट (सार्वजनिक स्थल) एवं झुग्गी झोपड़ियों के लिये निम्नांकित नियम लागू होंगे। सीओडी दिनांक से समस्त स्टेंड पोस्ट डिस्कनेक्ट होंगे। प्रभावित व्यक्तियों को व्यक्तिगत/समूह कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित किया जावेगा। ग्रुप कनेक्शन 10 मकानों तक अपार्टमेंट / किरायेदारों के लिये दिया जावेगा। इनमें से एक उपभोक्ता का चयन ग्रुप लीडर के रूप में किया जावेगा और वह मीटर स्थापित करने एवं जल उपभोक्ता शुल्क भुगतान के लिये जवाबदार होगा। ग्रुप कनेक्शन के अंतर्गत सिंगल टेप रहेगा जो कि इन समूह सदस्यों में से किसी एक के स्थल पर ग्राउण्ड लेवल पर अपार्टमेंट/टेनेंट के बाहर स्थित होगा |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer    KMC'S Engineer Municipal Corporation    Commissioner Municipal Corporation

| | English | हिन्दी |
|---|---|---|
| | everyone. The application for group connection shall be similar to the one under individual connection and shall include the plan showing apartments/tenants benefiting from it along with their name. The Group leader will be responsible for collecting all dues from group members and making payment to the concessionaire. If the group leader fails to pay for water consumption charges, then the connection is liable for disconnection as per the rules applicable for individual connection. In the event of such disconnection the consumers covered in the group shall not be eligible for new individual connections unless the arrears from the consumers covered in the earlier group are paid. However provission will be there to choose new group leader. | और यह इस प्रकार से स्थापित किया जायेगा ताकि प्रत्येक व्यक्ति की उस तक पहुंच हो सकें। ग्रुप कनेक्शन का आवेदन व्यक्तिगत कनेक्शन के समान होगा, और उसमें लाभान्वित होने वाले अपार्टमेंट/किरायेदार के नाम दर्शाते हुए मानचित्र संलग्न किया जावेगा। ग्रुप लीडर, समूह के सदस्यों से समस्त बकाया राशि एकत्र करने के लिये एवं कंसेशनायर को भुगतान करने के लिये जवाबदार होगा। यदि ग्रुप लीडर जल उपभोग शुल्क, का भुगतान करने में असफल रहता है तो व्यक्तिगत कनेक्शन पर लागू नियमों के अनुसार ऐसा कनेक्शन विच्छेद (डिस्कनेक्ट) कर दिया जावेगा। ऐसे विच्छेद करने की दशा में समूह में शामिल ऐसे उपभोक्तागण नये व्यक्तिगत कनेक्शन लेने के पात्र नहीं रहेंगे जब तक कि पूर्व के समूह में शामिल उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि का भुगतान न कर दिया गया हो। नया ग्रुप लीडर बनाया जाने की व्यवस्था भी रहेगी । |
| | **Connection to consumers** | **उपभोक्ताओं को कनेक्शन** |
| 1 | **(i)** All services pipes and fittings from the connection on the water mains to any premises shall be laid by the consumer through a licensed plumber as per specification of the KMC and the drawings approved by Commissioner or officer authorized by him, which shall be submitted by the consumer along with the application.<br>**(ii)** The connection pipe shall be laid in the ground and shall not be less than 45 cm below the surface unless laid inside a building. All pipes shall be laid or fixed in such a manner as not to be exposed to the heat and not to cause ant damage to any consumers pipes and fitting and there should be any risk of mixing waste water or cause contamination of water. All pipes there after laid or fixed inside any building shall be accessible to the staff of the concessionaire on duty. The material of the pipes and fitting shall be got approved from the concessionaire Representative before use. The water supply shall not be started unless the work of providing and laying of the same is approved by the concessionaire representative and is found to be watertight. | 1.(i) सभी फिटिंग तथा सेवा पाइप जो नगर पालिक मुख्य पाइप से लगाये जावें, तथा आवेदक के परिसरों तक समस्त कार्य आयुक्त व उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित किए गये ड्राइंग (जो कि आवेदन के साथ लगाये होंगे) के अनुसार तथा अनुज्ञप्ति प्राप्त जलसंयोजक (प्लंबर) द्वारा कराये जायेंगे।<br>(ii) संयोजन पाईप धरातल के नीचे 45 सेमी. से कम नहीं होगा, जब तक कि उसे भवन के अन्दर न रखा गया हो। समस्त पाईपों को इस रूप में रखा या फिक्स किया जायेगा ताकि उस पर गर्मी का असर न हो या उपभोक्ता के पाईप एवं फिटिंग को किसी प्रकार की क्षति न हो और मल जल (वेस्ट वाटर) मिलजाने का खतरा न हो अथवा पानी में प्रदूषण होने का खतरा न हो। इसके बाद सारे पाईप को किसी भी भवन के अन्दर इस प्रकार रखा जावेगा ताकि ड्यूटी पर मौजूद कंसेशनायर के कर्मचारियों की वहां तक पहुंच हो सकें। उपयोग के पूर्व कंसेशनायर के प्रतिनिधि द्वारा फिटिंग एवं पाईप की सामग्री को मान्य कराना होगा। जल प्रदाय तब तक प्रारंभ नहीं किया जायेगा जब तक कि कंसेशनायर के प्रतिनिधि द्वारा पाइप लाइन आदि के किये गये कार्य को मान्य न किया गया हो। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer
Municipal Corporation, Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

| | | |
|---|---|---|
| 2 | All cocks and taps fitted to the service pipes in any premises be of a screw down pattern and of quality approved as per Byelaws/ rules of KMC. | 2. किसी भी प्रेमिसेस में फिट किये गये सर्विस पाईप में लगे समस्त कॉक एवं टेप, स्क्रू डाउन पेटर्न अनुसार होंगे और वे के.एम.सी. के नियमों उपनियमों द्वारा व्यक्त गुणवत्ता अनुसार होगें। |
| 3 | No pipes and fitting of the connections shall be removed, altered, extended or replaced by the Consumer without obtaining the prior approval in writing from the concessionaire. | 3. कंसेशनायर से पूर्व लिखित अनुमति लिये बिना उपभोक्ता द्वारा कोई भी पाईप या कनेक्शन की कोई भी फिटिंग हटाई, परिवर्तित, या विस्तारित या बदली नहीं जावेगी। |
| 4 | No pipe used for the conveyance of water shall be laid or fixed which shall run througha any drain or any place where water througha such pipe is liable to become polluted or contaminated or where the pipe is likely to get damaged. However, in unavoidable cases such consumer's pipe may pass througha an exterior air tight and water tight pipe or jacket of cast iron or other material approved by the concessionaire of sufficient length and strength and of such construction as would provide adequate protection to the inner pipes, The cost of which is to be borne by consumer. | 4. जल संयोजन हेतु उपयोग में लिया गया कोई भी पाईप इस रूप से रखा या फिक्स नहीं किया जायेगा जो कि किसी नाली के जरिए रखा हो या ऐसी जगह पर रखा हो जहां पर ऐसे पाईप के जरिए पानी प्रदूषित या खराब हो सकता हो या जहां पाईप क्षतिग्रस्त हो सकता हो। हालांकि अपरिहार्य मामलों में ऐसे उपभोक्ताओं के पाईप एक्सटीरियर एयर टाईट व वाटर टाईट पाईप अथवा कास्ट आयरन के जेकेट या कंसेशनायर द्वारा मान्य सामग्री का होकर समुचित लम्बाई व मजबूती का होना चाहिए और इस प्रकार के निर्माण से अन्दर के पाईप समुचित रूप से संरक्षित होना चाहिए। इसकी लागत उपभोक्ता द्वारा वहन की जावेगी। |
| 5 | Every premises supplied with water shall have its own specific connection pipe and no connection pipe shall be used to supply water to more than one premises. Provided that in the case of a group or block of premises, Water charges of which are paid by one owner, the said owner may have option for one connection pipe of adequate size sufficient for such group or block as approved by the Concessionaire. | 5. प्रत्येक स्थलों में विशेष कनेक्शन पाईप से जल प्रदाय किया जावेगा और एक से अधिक स्थलों में जल प्रदाय हेतु एक कनेक्शन पाईप का उपयोग नहीं किया जावेगा। बशर्ते कि स्थलों के खंड या समूह होने की दशा में इस प्रकार का जल शुल्क एक स्वामी द्वारा चुकाया जावेगा। उपरोक्त स्वामी को पर्याप्त साईज का एक कनेक्शन पाईप बाबद् विकल्प होगा जो कि इस प्रकार के समूह या ब्लॉक के लिये पर्याप्त होगा जो कि कंसेशनायर द्वारा मान्य हो। |
| 6 | The position of stop cock and meter on the connection pipe shall be decided by the concessionaire who shall have exclusive control over its operation. | 6. कनेक्शन पाईप में स्टॉप कॉक एवं मीटर का स्थिति कंसेशनायर द्वारा सुनिश्चित की जावेगी जिसका इसके संचालन बाबद् एक मात्र नियंत्रण रहेगा। |
| 7 | For connection of sizes 25 mm and above, the stop cock will be fitted with a crutch of spindle head of specific design to suit a key or wheel kept by the concessionaire. | 7. 25 एमएम या उससे ऊपर के साईज के कनेक्शन हेतु स्टॉप कॉक विशिष्ट डिजाईन के स्पिंडल हेड के क्रच के साथ फिट किया जावेगा जोकि कंसेशनायर द्वारा रखे गये व्हील या "की" के अनुकूल हो। |
| 8 | No consumer's tap shall be fixed outside, the premises of the consumer; No tap shall be fixed in closed proximity to the | 8. किसी भी उपभोक्ता का टेप उपभोक्ता के स्थल के बाहर फिक्स नहीं किया जावेगा। खुली नालियों में अथवा ऐसे स्थलों जहां |

Sub Engineer KMC'S Engineer Commissioner Municipal Corporation



Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

| | | |
|---|---|---|
| | open drains or places where injurious gases are likely to be produced. No tap or cock or connection to any tank or reservoir shall be so fixed as allow any part of the container of the said tank or reservoir to siphon back into the connection pipes. | खतरनाक गैस उत्पन्न हो सकती हो, उसके नजदीक कोई भी टेप फिक्स नहीं किया जावेगा। किसी भी टैंक या जलाशय में कोई भी टेप या कॉक फिक्स नहीं किया जावेगा अथवा उक्त टैंक या जलाशय के कंटेनर के किसी भी हिस्से में कनेक्शन पाईप से साईफन बेक का कार्य नहीं किया जावेगा। |
| 9 | A consumer acting in contravention of the provisions of the Bye-laws, shall be required to rectify the defects at his own cost within one month of the date of the notice served on him by the concessionaire failing which the connection shall he liable to be disconnected without any further notice to the consumer. | 9. जो उपभोक्ता उपनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा उसे कंसेशनायर द्वारा दिये गये नोटिस की दिनांक से एक माह के अंदर अपने खर्च से उस त्रुटि को दूर करना होगा और इसमें असफल रहने पर उपभोक्ता को बिना नोटिस दिये, कनेक्शन विच्छेद कर दिया जायेगा। |
| 10 | The leakages up to the stop cock or up to the meter without stop cock shall be removed by Concessionaire at his cost while the leakage beyond this point shall be removed by consumer at his cost. If consumer fails to remove the leakage beyond this point, the Concessionaire reserves the right to remove or rectify the defects or deficiencies at the cost of the consumer. | 10. स्टॉप कॉक तक लीकेज या मीटर तक बिना स्टॉफ कॉक के लीकेज को कंसेशनायर द्वारा उसके खर्च से हटा दिया जायेगा। जबकि इस पाईन्ट के ऊपर लीकेज होने पर उपभोक्ता द्वारा अपने खर्च से इसे हटाया जावेगा। यदि इस पाईन्ट के ऊपर लीकेज को हटाने में उपभोक्ता असफल रहता है तो कंसेशनायर को यह अधिकार होगा कि वह उपभोक्ता के खर्च से इन त्रुटियों को दूर कर सकेगा। |
| | **C2 Road Cutting for New Connection** | **C2 नये कनेक्शन हेतु रोड कटिंग** |
| | After the grant of connection the consumer or owner or group of consumers are required to obtain the permission for the cutting of the road from the Department of the Government or the local bodies concerned. He shall be liable to pay the prescribed charges to such authorization for cutting of the roads. Such permission shall be submitted to the concessionaire in writing before cutting up of the road and before jointing his connection pipe to the main. | उपभोक्ता को या उपभोक्ताओं के समूह को कनेक्शन की स्वीकृति के पश्चात् संबंधित स्थानीय निकाय या शासकीय विभाग से रोड कटिंग की अनुमति प्राप्त करेंगे। वह ऐसे अधिकारियों को रोड कटिंग बाबद् निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के लिये बाध्य रहेगा। इस प्रकार की अनुमति रोड कटिंग के पूर्व एवं मेन में कनेक्शन पाईप जोड़ने के तदानुसार कंसेशनायर को लिखित में प्रस्तुत की जावेगी। |
| | **C3 charges for Unauthorized Uses of Water:** | **C3 अनाधिकृत उपयोग बाबद् शुल्क** |
| | The water shall be used only for the purpose for which the connection is given. Any consumer found misusing water for purposes other than the purpose for which the connection is given, shall render himself liable to pay the charges at double the normal rate in respect of the quantity of water so misused. | जल का उपयोग उसी उद्देश्य के लिये किया जायेगा जिस हेतु कनेक्शन दिया गया है यदि कोई उपभोक्ता कनेक्शन में दिये गये उद्देश्य के अलावा अन्य उपयोग के अंतर्गत जल का दुरूपयोग करता हुआ पाया गया तो उसे तदानुसार जल के दुरूपयोग की गई मात्रा के सामान्य दर से दोगना शुल्क जमा करना होगा। |

Municipal Corporation ★ Khandwa (M.P.) ★

Sub Engineer
Municipal Corporation, Khandwa

KMC'S Engineer
Municipal Corporation
Khandwa

Commissioner
Municipal Corporation
Khandwa.

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **C4 Restriction on Pumping of water by a consumer to an overhead tank** | | **C4 ओवर हेड टेंक में उपभोक्ता द्वारा वाटर पंपिंग प्रतिबंध** |
